आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–01 जुलाई 2024 **सान्ध्य समाचार**

तीन नये आपराधिक कानून– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम आज से लागू हो गये हैं। ये नये आपराधिक कानून जांच, सुनवाई और अदालती प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के उपयोग पर बल देने वाले हैं। नये आपराधिक कानून भारतीय नागरिकों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इन कानूनों का उद्देश्य सभी के लिये ज्यादा सुलभ, सहायक और कुशल न्याय प्रणाली बनाना है। नये कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गयी है। इसके अलावा गिरफ्तारी की स्थिति में गिरफ्तार होने वाले व्यक्ति को अपने किसी परिजन को अपनी स्थिति बताने के विषय में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। नये आपराधिक कानून लागू होने के पहले दिन लोगों को इसकी जानकारी देने के लिये पुलिस विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग सभी जिलों में संगोष्ठियों के आयोजन किये जा रहे हैं। अयोध्या जिले में नये आपराधिक कानून को लेकर सभी थानों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कोतवाली में आये लोगों को कानून की जानकारी देने वाले पम्प्लेट बांटे गये।

वाराणसी में गोष्ठियों के जरिये आम जन मानस को पुलिस अधिकारियों ने नये कानून की जानकारी दी और इसे लेकर लोगों की भ्रांतियों को दूर किया। उन्नाव जिले में वहां के पुलिस अधीक्षक ने सदर कोतवाली में नये आपराधिक कानून को लेकर संगोष्ठी आयोजित की। मिर्जापुर में डीआईजी, एसपी सहित सभी पुलिस अधिकारी थाने स्तर पर लोगों को नये आपराधिक कानून की जानकारी दे रहे हैं। गोरखपुर में अपर महानिदेशक जोन ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से लोगों को नये कानून के विषय में विस्तार से बताया। अमरोहा और हापुड़ से भी नये कानून को लेकर गोष्ठियों के आयोजन की खबर है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ प्रबंधन और जन–जीवन की सुरक्षा के लिये शासन की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बेहतर प्रबंधन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करायी जाए। नेपाल और उत्तराखण्ड से लगे जिलों में इसे लेकर विशेष सतर्कता बरती जाय। श्री योगी ने कहा कि बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी रहना चाहिए।

****

प्रदेश भर में मानसून सक्रिय हो गया है। पिछले दो दिनों में कई जिलों में रुक–रुक कर हो रही बारिश से मौसम में बदलाव आया है। वहीं कई जिलों में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने की खबर है। गोरखपुर सहित प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में आसमान में घने बादल छाये हुए हैं। कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिनों के दौरान राज्य के लगभग सभी जिलों में कहीं हल्की से मध्यम और कहीं मध्यम से भारी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है।

****

प्रदेश के सभी जिलों में आज संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की शुरूआत हुयी। यह अभियान इकतीस जुलाई तक चलेगा। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कानपुर नगर के कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय में इस अभियान का शुभारम्भ किया। शुभारम्भ कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री पाठक ने कहा कि दो हजार सत्रह से शुरू किये गये इस अभियान के जरिये इंसेफेलाइटिस, डेंगू, मलेरिया जैसे मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण पाने में सफलता हासिल हुयी है। गोरखपुर जिले में महापौर डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से अभियान सम्बन्धी प्रचार वाहनों, नगर निगम के वाहनों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले के सभी ब्लॉक से भी जन प्रतिनिधियों ने इस अभियान की शुरूआत की। बस्ती जिले में जिलाधिकारी रवीश कुमार गुप्ता ने संचारी रोग से निपटने के लिये तैयार की गयी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह अभियान की निरन्तर निगरानी करें। वाराणसी में इस अवसर पर विधायक नीलकण्ठ तिवारी और जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने अभियान की शुरूआत करते हुए बताया कि जिले में जुलाई से लेकर अगस्त तक अभियान का संचालन किया जायेगा। अयोध्या में दस्तक अभियान को लेकर जिलाधिकारी के नेतृत्व में जागरूकता रैली निकाली गयी और वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने की शपथ दिलायी गयी।

****

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में पुजारियों के लिये ड्रेस कोड बनाया गया है। इसे जुलाई के प्रथम सप्ताह से लागू भी कर दिया गया है। श्रीराम मंदिर के सहायक पुजारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में तैनात पुजारियों के लिये पीताम्बरी, चौबन्दी और धोती के साथ पगड़ी अनिवार्य की गयी है।

****

प्रदेश के सभी जिलों में आज स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया गया। ग्रीष्मावकाश के बाद सभी परिषदीय स्कूल आज से खुल गये हैं, अब उनका नियमित संचालन सुनिश्चित किया जायेगा।

****